दिनांक 23.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अमृत मिशन,एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की आयुक्त चौहान ने

भिलाईनगर/ शहर की पेयजल योजना व्यवस्थित हो, घर–घर पानी पहुंचे, किसी परिवार को पानी की समस्या न हो के कार्य को पूर्ण करने के लिए मिशन अृमत के अंतर्गत पेयजल वाहिनी पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। शासन द्वारा समय–समय पर प्रगति की समीक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु दिशा निर्देश प्राप्त होते रहते हैं। आज आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह ने सभी जोन के जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एवं कार्य करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों के साथ निगम सभागार में समीक्षा बैठक ली तथा योजनाओं में किस क्षेत्र में कितना प्रगति हुआ की जानकारी से अवगत हुए।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने अमृत मिशन योजना की जोनवार समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये साथ ही इस योजना के अंतर्गत नवीन पाईप लाईन बिछाने, अत्एव डिजाईन के अुनसार अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाया जाना आवश्यक है तो इस संबंध में इस योजना के प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। आयुक्त के0एल0 चौहान ने इस योजना के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिये गये, तथा कार्य में और गति लाये इस हेतु निगम क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन टंकियों का मौके का निरीक्षण नोडल अधिकारी स्वयं करें एवं कार्य की प्रगति से मुझे अवगत् करावें ताकि शासन के मंशा अनुरुप निगम क्षेत्र के नागरिकों को पेयजल की व्यवस्था जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जा सके।

प्रधानमंत्री आवास योजना ''मोर जमीन मोर मकान'' की समीक्षा करते हुए श्री चौहान ने नोडल अधिकारी से निगम क्षेत्र के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के द्वारा बनाये जा रहे मकान की स्थिति से अवगत होते हुए हितग्राहियों को शासन के मापदण्ड अनुरुप निर्धारित समय पर दी जा रही राशि के जानकारी से अवगत होते हुए पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास आबंटन करें।

जन सम्पर्क अधिकारी